(a) विटामिन A

(b) विटामिन B

(c) विटामिन C

(d) विटामिन D और K

**64.** Which one among the following is a major source of sugar?

(a) Watermelon

(b) Beetroot

(c) Sugarcane

(d) Date

**65.** Itching due to insect bite is caused by

(a) formic acid

(b) acetic acid

(c) lactic acid

(d) maleic acid

**66.** If excess fertilizer is applied to a plant without water, the plant will

(a) be stunted in growth

(b) develop modifications

(c) die due to plasmolysis

(d) remain unaffected

**67.** Tips of leaves in grasses and common garden plants show water drops in early morning hours. This water accumulation is obtained from

(a) atmosphere

(b) stomata

(c) vascular bundles

(d) hydathodes

**68.** Which one of the following is ***not*** biodegradable?

(a) Woollen mat

(b) Silver foil

(c) Leather bag

(d) Jute basket

**69.** Which among the following elements is abundant on the lunar surface and holds the potential to put an end to the energy crisis of the earth?

(a) Helium–I

(b) Helium–II

(c) Helium–3

(d) Helium–4

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक शर्करा का प्रमुख स्रोत है?

*(a)* तरबूज

*(b)* चुकन्दर

*(c)* गन्ना

*(d)* खजूर

**65.** कीट-दंश से होने वाली खुजली किसके कारण होती है?

*(a)* फॉर्मिक अम्ल

*(b)* एसेटिक अम्ल

*(c)* लैक्टिक अम्ल

*(d)* मैलेइक अम्ल

**66.** यदि एक पौधे को बिना पानी के अति उर्वरक दिया जाए, तब पौधा

*(a)* वृद्धि में अवरुद्ध होगा

*(b)* रूपांतरण विकसित करेगा

*(c)* जीवद्रव्यसंकुचन के कारण मर जाएगा

*(d)* अप्रभावित रहेगा

**67.** घासों और सामान्य उद्यान पौधों की पत्तियों के सिरों पर भोर के समय पानी की बूँदें दिखती हैं। यह जल-संचयन किससे प्राप्त होता है?

*(a)* वायुमण्डल

*(b)* रंध्र

*(c)* संवहन बंडल

*(d)* जलरंध्र

**68.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक जैव निम्नीकरणीय (बायोडिग्रेडेबल) **नहीं** है?

*(a)* ऊनी चटाई

*(b)* चाँदी की पन्नी

*(c)* चमड़े का थैला

*(d)* जूट की टोकरी

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व चन्द्रमा की सतह पर प्रचुर मात्रा में है और पृथ्वी के ऊर्जा-संकट को समाप्त कर देने की सम्भाव्यता रखता है?

*(a)* हीलियम–I

*(b)* हीलियम–II

*(c)* हीलियम–3

*(d)* हीलियम–4

**70.** The equipment SONAR is used to determine the

(a) depth of the seabed

(b) intensity of an earthquake

(c) cruising altitude of an aircraft

(d) speed of a moving object

**71.** A milkman puts banana leaf in milk jar, because banana leaf

(a) gives a fresh flavour to milk

(b) makes the milk acidic and resistant to yeast

(c) makes the milk basic and resistant to yeast

(d) increases the whiteness of milk

**72.** The coil in a heater is made of

(a) nichrome

(b) tungsten

(c) copper

(d) iron

**73.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I* | | *List–II* |
|---|---|---|---|
| A. | Wine | 1. | Barley |
| B. | Beer | 2. | Sugarcane juice |
| C. | Whisky | 3. | Grapes |
| D. | Rum | 4. | Molasses |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**74.** Which one of the following plants is popularly grown along the road for absorbing vehicular pollutants?

(a) Nerium

(b) Neem

(c) Bougainvillea

(d) Calotropis

**75.** Which one of the following is commonly used as a flavouring agent during the preparation of noodles?

(a) Saffron

(b) Cinnamon

(c) Olive oil

(d) Ajinomoto

**70.** SONAR उपस्कर किसके निर्धारण के लिए प्रयुक्त होता है?

*(a)* सागरतल की गहराई

*(b)* भूकम्प की तीव्रता

*(c)* वायुयान की परिभ्रमण-तुंगता

*(d)* गतिमान पदार्थ की चाल

**71.** ग्वाला दूध के बरतन में केले का पत्ता डालता है, क्योंकि केले का पत्ता

*(a)* दूध को ताजा सुवास देता है

*(b)* दूध को अम्लीय और खमीर-प्रतिरोधी बनाता है

*(c)* दूध को क्षारीय और खमीर-प्रतिरोधी बनाता है

*(d)* दूध की सफेदी को बढ़ाता है

**72.** हीटर की कुण्डली (कॉइल) किससे बनी होती है?

*(a)* निक्रोम

*(b)* टंग्स्टन

*(c)* ताम्र

*(d)* लोह

**73.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. वाइन | 1. जौ |
| B. बीयर | 2. गन्ने का रस |
| C. ह्विस्की | 3. अंगूर |
| D. रम | 4. शीरा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(b)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(c)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(d)* | 2 | 4 | 1 | 3 |

**74.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक पौधा वाहनों के प्रदूषकों को अवशोषित करने के लिए सामान्यतया सड़क के साथ-साथ उगाया जाता है?

*(a)* नीरियम

*(b)* नीम

*(c)* बोगेनविलिया

*(d)* कैलोट्रोपिस

**75.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक नूडल्स बनाने के दौरान प्रायः सुरुचि-कर्मक के रूप में प्रयुक्त होता है?

*(a)* केसर

*(b)* दालचीनी

*(c)* जैतून का तेल

*(d)* अजीनोमोटो

**76.** A boy throws four stones of same shape, size and weight with equal speed at different initial angles with the horizontal line. If the angles are 15°, 30°, 45° and 60°, at which angle the stone will cover the maximum distance horizontally?

*(a)* 15°

*(b)* 30°

*(c)* 45°

*(d)* 60°

**77.** The cleaning of dirty clothes by soaps and detergents is due to a type of molecules called surfactants, which are present in soaps and detergents. The surfactant molecules remove the dirt by

*(a)* making the cloth slippery

*(b)* producing some gases between the dirt and the cloth

*(c)* dissolving the dirt

*(d)* forming some aggregates of themselves and take away the dirt in the core of the aggregates

**78.** The most familiar form of radiant energy in sunlight that causes tanning and sunburning of human skin, is called

*(a)* ultraviolet radiation

*(b)* visible radiation

*(c)* infrared radiation

*(d)* microwave radiation

**79.** The polymeric fibre used as a substitute for wool in making synthetic blankets, sweaters, etc., is

*(a)* Nylon

*(b)* Teflon

*(c)* Orlon

*(d)* Bakelite

**80.** Which one of the following plants is used for green manuring in India?

*(a)* Wheat

*(b)* Sunhemp

*(c)* Cotton

*(d)* Rice

**81.** Which among the following are the major reasons behind preferring Eucalyptus tree in the planned forestation process?

1. Plantation grows very fast.
2. Plantation makes the soil more fertile.
3. Wood from Eucalyptus tree is easily converted into pulp for paper industry.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**76.** एक लड़का एक ही आकार, आमाप और भार वाले चार पत्थरों को समान चाल से क्षैतिज रेखा के सापेक्ष भिन्न-भिन्न प्रारम्भिक कोणों पर फेंकता है। यदि कोण 15°, 30°, 45° और 60° हैं, तब किस कोण पर फेंका गया पत्थर क्षैतिज रूप से अधिकतम दूरी तय करेगा?

(a) 15°

(b) 30°

(c) 45°

(d) 60°

**77.** मैले कपड़ों की साबुन और अपमार्जकों से सफ़ाई एक प्रकार के अणुओं के, जिन्हें पृष्ठ-संक्रियक कहते हैं, कारण होती है, जो साबुन और अपमार्जकों में विद्यमान होते हैं। पृष्ठ-संक्रियक अणु मैल को किस प्रकार हटाते हैं?

(a) कपड़े को सर्पणशील बनाकर

(b) मैल और कपड़े के बीच कुछ गैसें उत्पन्न कर

(c) मैल को विलीन (घोल) कर

(d) वे अपने कुछ पुंज बना लेते हैं और मैल को पुंजों के क्रोड़ में ले जाते हैं

**78.** सौरप्रकाश में सर्वाधिक सामान्य प्रकार की विकिरण ऊर्जा, जो मनुष्यों में त्वचा की धूप-ताम्रता का कारण होती है, क्या कहलाती है?

(a) पराबैंगनी विकिरण

(b) दृश्य विकिरण

(c) अवरक्त विकिरण

(d) सूक्ष्मतरंग विकिरण

**79.** ऊन के बदले में प्रयुक्त होने वाला बहुलक तन्तु, जो सिन्थेटिक कम्बल, स्वेटर आदि बनाने में काम आता है, क्या है?

(a) नायलॉन

(b) टेफ्लॉन

(c) ऑरलॉन

(d) बैकेलाइट

**80.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक पौधा भारत में हरी खाद बनाने के लिए प्रयुक्त होता है?

(a) गेहूँ

(b) सनई

(c) कपास

(d) धान

**81.** योजनाबद्ध वनीकरण प्रक्रम में यूकेलिप्टस वृक्ष को अधिमान देने के पीछे निम्नलिखित में से कौन-से प्रमुख कारण हैं?

1. रोपण बहुत तेजी से बढ़ता है।
2. रोपण मृदा को अपेक्षाकृत अधिक उपजाऊ बनाता है।
3. यूकेलिप्टस वृक्ष की लकड़ी कागज उद्योग के लिए आसानी से गूदे में परिवर्तित हो जाती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**82.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List-I* *(Alloy)* | *List-II* *(Constituent)* |
|---|---|
| A. Solder | 1. Iron and Carbon |
| B. Brass | 2. Copper and Zinc |
| C. Bronze | 3. Copper and Tin |
| D. Steel | 4. Lead and Tin |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(c)* | 1 | 3 | 2 | 4 |
| *(d)* | 4 | 3 | 2 | 1 |

**83.** Consider the following statements :

1. Iodine is necessary for the thyroid gland to make adrenaline.
2. Iodine deficiency leads to goiter in human beings.
3. Iodine is secreted by pancreas and helps in regulating cholesterol level.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 2 only

**84.** Consider the following statements :

1. A person with myopia can see distant objects distinctly but cannot see nearby objects clearly.
2. A person with hypermetropia cannot see distant objects clearly.
3. A person with presbyopia can see nearby objects without corrective glasses.

Which of the statements given above is/are ***not*** correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 3 only

**85.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List-I* *(Item)* | *List-II* *(Toxic substance)* |
|---|---|
| A. CFL lamp | 1. Nitrogen oxides |
| B. Automobile battery | 2. Phthalates |
| C. Polymer | 3. Lead |
| D. Diesel engine | 4. Mercury |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(b)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(c)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(d)* | 1 | 3 | 2 | 4 |

**82.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (मिश्रधातु) | सूची–II (घटक) |
|---|---|
| A. सोल्डर | 1. लोह और कार्बन |
| B. पीतल | 2. ताम्र और जस्ता |
| C. काँसा | 3. ताम्र और टिन |
| D. इस्पात | 4. सीसा और टिन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(c)* | 1 | 3 | 2 | 4 |
| *(d)* | 4 | 3 | 2 | 1 |

**83.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. थाइरॉइड ग्रन्थि को एड्रिनैलीन बनाने के लिए आयोडीन की आवश्यकता होती है।
2. आयोडीन-हीनता के परिणामस्वरूप मनुष्यों में गलगंड (ग्वाइटर) होता है।
3. आयोडीन अग्न्याशय द्वारा स्रावित होती है और कोलेस्टेरॉल-स्तर के नियंत्रण में सहायता करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 2

**84.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निकटदृष्टि (मायोपिया) वाला व्यक्ति दूरस्थ वस्तुओं को सुस्पष्टता से देख सकता है परन्तु निकटस्थ वस्तुओं को स्पष्टता से नहीं देख सकता।
2. दीर्घदृष्टि (हाइपरमेट्रोपिया) वाला व्यक्ति दूरस्थ वस्तुओं को स्पष्टता से नहीं देख सकता।
3. जरा-दूरदर्शिता (प्रेस्बायोपिया) वाला व्यक्ति निकटस्थ वस्तुओं को बिना संशोधक चश्मे के देख सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 3

**85.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (मद) | सूची–II (आविष पदार्थ) |
|---|---|
| A. CFL लैम्प | 1. नाइट्रोजन ऑक्साइड |
| B. ऑटोमोबाइल बैटरी | 2. थैलेट |
| C. पॉलीमर | 3. सीसा |
| D. डीज़ल इन्जन | 4. पारा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(b)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(c)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(d)* | 1 | 3 | 2 | 4 |

**86.** Some statements about the benefits of organic farming are given below. Indicate whether they are true or false using the code given below the statements :

1. It reduces $CO_2$ emission.
2. It does not lead to toxic effect.
3. It improves the water-retention capacity of the soil.

*Code* :

| | 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|---|
| *(a)* | False | True | False |
| *(b)* | True | False | False |
| *(c)* | False | True | True |
| *(d)* | True | True | True |

**87.** Which one of the following chemicals is commonly used by farmers to destroy weeds?

*(a)* DDT

*(b)* Malathion

*(c)* Methyl bromide

*(d)* 2,4-D

**88.** Consider the following statements :

1. Clear sky appears blue due to poor scattering of blue wavelength of visible light.
2. Red part of light shows more scattering than blue light in the atmosphere.
3. In the absence of atmosphere, there would be no scattering of light and sky will look black.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**89.** Which one among the following plants ***cannot*** be multiplied by cuttings?

*(a)* Rose

*(b)* Bryophyllum

*(c)* Banana

*(d)* Marigold

**90.** Hair of a shaving brush cling together when the brush is removed from water due to

*(a)* viscosity

*(b)* surface tension

*(c)* friction

*(d)* elasticity

**86.** जैव कृषि के लाभों के विषय में कुछ कथन नीचे दिए गए हैं। कथनों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर बताइए कि वे सत्य हैं या असत्य :

1. यह $CO_2$ उत्सर्जन कम करता है।
2. इसके परिणामस्वरूप आविष प्रभाव नहीं होता।
3. यह मृदा की जल-धारण क्षमता को उन्नत करता है।

**कूट :**

*(a)* 1 असत्य, 2 सत्य, 3 असत्य

*(b)* 1 सत्य, 2 असत्य, 3 असत्य

*(c)* 1 असत्य, 2 सत्य, 3 सत्य

*(d)* 1 सत्य, 2 सत्य, 3 सत्य

**87.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक रसायन सामान्यतया किसानों द्वारा खरपतवार को नष्ट करने के लिए प्रयुक्त होता है?

*(a)* DDT

*(b)* मैलाथिऑन

*(c)* मेथिल ब्रोमाइड

*(d)* 2,4-D

**88.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. साफ आसमान दृश्य प्रकाश के नील तरंगदैर्घ्य के अल्प प्रकीर्णन के कारण नीला दिखता है।
2. वायुमण्डल में प्रकाश का रक्त भाग नील प्रकाश की अपेक्षा अधिक प्रकीर्णन प्रदर्शित करता है।
3. वायुमण्डल की अनुपस्थिति में प्रकाश का प्रकीर्णन नहीं होगा और आकाश कृष्ण दिखेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**89.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक पौधा कलम द्वारा संवर्धित **नहीं** होता?

*(a)* गुलाब

*(b)* ब्रायोफिलम

*(c)* केला

*(d)* गेंदा

**90.** जब किसी शेविंग ब्रुश को पानी में से निकाला जाता है, तब उसके बाल आपस में किस कारण चिपक जाते हैं?

*(a)* श्यानता

*(b)* पृष्ठ-तनाव

*(c)* घर्षण

*(d)* प्रत्यास्थता

**91.** Consider the following statements with regard to Statutory Liquidity Ratio (SLR) :

1. To meet SLR, commercial banks can use cash only.
2. SLR is maintained by the banks with themselves.
3. SLR restricts the banks' leverage in pumping more money into the economy.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 2 only

**92.** Which of the following statements regarding the Fundamental Duties contained in the Constitution of India are correct?

1. Fundamental Duties can be enforced through writ jurisdiction.
2. Fundamental Duties have formed a part of the Constitution since its adoption.
3. Fundamental Duties became a part of the Constitution in accordance with the recommendations of the Swaran Singh Committee.
4. Fundamental Duties are applicable only to the citizens of India.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 and 4

*(c)* 2 and 3

*(d)* 3 and 4

**93.** When Lord Mountbatten became the first Governor-General of India, who among the following became the Governor-General for Pakistan?

*(a)* Lord Mountbatten

*(b)* M. A. Jinnah

*(c)* Liaquat Ali Khan

*(d)* Shaukat Ali

**94.** 'Diarchy' was first introduced in India under

*(a)* Morley-Minto Reforms

*(b)* Montford Reforms

*(c)* Simon Commission Plan

*(d)* Government of India Act, 1935

**91.** सांविधिक तरलता अनुपात (SLR) के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. SLR पूरा करने हेतु वाणिज्यिक बैंक केवल नकदी का उपयोग कर सकते हैं।
2. SLR, बैंकों द्वारा अपने पास रखा जाता है।
3. SLR, बैंकों के लेवरेज को अर्थव्यवस्था में अपेक्षाकृत अधिक मुद्रा भर देने से प्रतिबन्धित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 2

**92.** भारत के संविधान में अन्तर्विष्ट मूल कर्त्तव्यों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. मूल कर्त्तव्य रिट अधिकारिता के माध्यम से प्रवर्तित किए जा सकते हैं।
2. मूल कर्त्तव्य संविधान के अंगीकरण के समय से इसका एक भाग हैं।
3. मूल कर्त्तव्य स्वर्ण सिंह समिति की संस्तुतियों के अनुसार संविधान का एक भाग बने।
4. मूल कर्त्तव्य केवल भारत के नागरिकों पर ही लागू होते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* 2 और 4

*(c)* 2 और 3

*(d)* 3 और 4

**93.** जब लॉर्ड माउण्टबैटन भारत के प्रथम गवर्नर-जनरल बने, उस समय निम्नलिखित में से कौन पाकिस्तान के गवर्नर-जनरल बने?

*(a)* लॉर्ड माउण्टबैटन

*(b)* एम० ए० जिन्ना

*(c)* लियाकत अली खान

*(d)* शौकत अली

**94.** भारत में 'द्वैधशासन' सर्वप्रथम निम्नलिखित में से किसके अधीन आरम्भ किया गया?

*(a)* मोर्ले-मिन्टो सुधार

*(b)* मोन्टफोर्ड सुधार

*(c)* साइमन आयोग योजना

*(d)* भारत सरकार अधिनियम, 1935

**95.** The major thrust of Jawahar Rozgar Yojna (JRY) is on

*(a)* removal of poverty among the Scheduled Castes in rural areas

*(b)* creating additional wage employment opportunities in rural areas

*(c)* creating employment opportunities in urban areas

*(d)* providing training to rural youth for self-employment

**96.** Which of the following was/were the main feature(s) of the Government of India Act, 1919?

1. Introduction of separate electorates for Muslims
2. Devolution of legislative authority by the Centre to the Provinces
3. Expansion and reconstitution of Central and Provincial Legislatures

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 2 only

*(b)* 1 and 3

*(c)* 3 only

*(d)* 2 and 3

**97.** For which one of the following judgments of the Supreme Court of India, the Kesavananda Bharati *vs* State of India case is considered a landmark?

*(a)* The religion cannot be mobilised for political ends

*(b)* Abolishing untouchability from the country

*(c)* The basic structures of the Constitution, as defined in the Preamble, cannot be changed

*(d)* Right to life and liberty cannot be suspended under any circumstance

**98.** Who among the following Indian Prime Ministers resigned before facing a vote of no-confidence in the Lok Sabha?

*(a)* Chandra Shekhar

*(b)* Morarji Desai

*(c)* Chaudhary Charan Singh

*(d)* V. P. Singh

**95.** जवाहर रोजगार योजना (JRY) का मुख्य बल निम्नलिखित में से किस पर है?

*(a)* ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों के बीच निर्धनता-उन्मूलन

*(b)* ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त मजदूरी रोजगार की सम्भावनाओं का सर्जन

*(c)* शहरी क्षेत्रों में रोजगार की सम्भावनाओं का सर्जन

*(d)* ग्रामीण युवा को स्व-रोजगार हेतु प्रशिक्षण प्रदान करना

**96.** निम्नलिखित में से कौन-सी भारत सरकार अधिनियम, 1919 की मुख्य विशेषता(एँ) थी/थीं?

1. मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचक-मण्डल का प्रारम्भ
2. केन्द्र द्वारा प्रान्तों को विधायी प्राधिकार का अवक्रमण
3. केन्द्रीय और प्रान्तीय विधानमण्डलों का विस्तार तथा पुनर्गठन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 2

*(b)* 1 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 2 और 3

**97.** भारत के उच्चतम न्यायालय के निम्नलिखित में से किस एक निर्णय के लिए केशवानन्द भारती *बनाम* भारत राज्य वाद को एक ऐतिहासिक घटना माना जाता है?

*(a)* धर्म को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए साधन-योजित नहीं किया जा सकता

*(b)* देश से अस्पृश्यता का उन्मूलन करना

*(c)* संविधान की आधारभूत संरचना, जैसा कि उद्देशिका में निरूपित है, परिवर्तित नहीं की जा सकती

*(d)* जीवन और स्वातंत्र्य का अधिकार किसी भी परिस्थिति में निलम्बित नहीं किया जा सकता

**98.** निम्नलिखित भारतीय प्रधानमंत्रियों में से किसने लोक सभा में अविश्वास मत का सामना करने से पहले त्यागपत्र दे दिया था?

*(a)* चन्द्रशेखर

*(b)* मोरारजी देसाई

*(c)* चौधरी चरण सिंह

*(d)* वी० पी० सिंह

**99.** Which one of the following statements related to the Boston Tea Party of 16th December, 1773 during the American War of Independence is correct?

(a) The revolutionaries stealthily entered into the ships and threw all the chests of tea into the water

(b) The revolutionaries hosted a Tea Party in the honour of Charles Townshend, the British Chancellor of the Exchequer in order to place their grievances before him

(c) It marked a celebration when Lord North, the successor of Townshend, repealed some of the duties imposed by Townshend

(d) It was a protest against the Quebec Act

**100.** Consider the following statements :

1. The total elective membership of the Lok Sabha is distributed among the States on the basis of the population and the area of the State.
2. The 84th Amendment Act of the Constitution of India lifted the freeze on the delimitation of constituencies imposed by the 42nd Amendment.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**101.** Which one of the following is a Human Right as well as a Fundamental Right under the Constitution of India?

(a) Right to information

(b) Right to education

(c) Right to work

(d) Right to housing

**102.** Which one of the following Commissions/Committees was appointed by the British Government to investigate into the massacre in Jalianwalla Bagh?

(a) Welby Commission

(b) Hunter Committee

(c) Simon Commission

(d) Butler Committee

**103.** Consider the following statements and identify the person referred to therein with the help of the code given below :

*During his stay in England, he endeavored to educate the British people about their responsibilities as rulers of India. He delivered speeches and published articles to support his opposition to the unjust and oppressive regime of the British Raj. In 1867, he helped to establish the East India Association of which he became the Honorary Secretary.*

*Code* :

(a) Pherozeshah Mehta

(b) Mary Carpenter

(c) Dadabhai Naoroji

(d) Ananda Mohan Bose

**99.** अमरीकी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 16 दिसम्बर, 1773 की बोस्टन टी पार्टी से सम्बन्धित निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* क्रान्तिकारी चोरी-छिपे पोतों में घुसे और चाय की सारी पेटियाँ पानी में फेंक दिए

*(b)* क्रान्तिकारियों ने ब्रिटिश चांसलर ऑफ एक्सचेकर, चार्ल्स टाउन्सहेन्ड के सम्मान में एक टी पार्टी दी ताकि अपनी शिकायतें उनके सामने रख सकें

*(c)* जब टाउन्सहेन्ड के उत्तराधिकारी लॉर्ड नॉर्थ ने टाउन्सहेन्ड द्वारा लगाए गए शुल्कों में से कुछ को निरस्त कर दिया, तब यह उस उपलक्ष्य का समारोह बन गया

*(d)* यह क्यूबेक ऐक्ट के विरुद्ध एक प्रतिवाद था

**100.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लोक सभा की कुल निर्वाचित सदस्यता राज्यों में राज्य की जनसंख्या और क्षेत्रफल के आधार पर वितरित है।
2. भारत के संविधान के 84वें संशोधन अधिनियम ने, 42वें संशोधन द्वारा अधिरोपित निर्वाचन-क्षेत्रों के परिसीमन पर लगे रोक को उठा लिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**101.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत के संविधान के अधीन मानवाधिकार है साथ ही मूल अधिकार भी है?

*(a)* सूचना का अधिकार

*(b)* शिक्षा का अधिकार

*(c)* काम पाने का अधिकार

*(d)* आवास का अधिकार

**102.** निम्नलिखित आयोगों/समितियों में से किस एक की नियुक्ति ब्रिटिश सरकार द्वारा जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड की जाँच के लिए की गई थी?

*(a)* वेल्बी आयोग

*(b)* हण्टर समिति

*(c)* साइमन आयोग

*(d)* बट्लर समिति

**103.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उनमें निर्दिष्ट एक व्यक्ति को नीचे दिए गए कूट की सहायता से पहचानिए :

*इंग्लैण्ड में अपने प्रवास के दौरान, उन्होंने ब्रिटिश लोगों को भारत के शासक के रूप में उनके दायित्वों के बारे में शिक्षित करने का प्रयत्न किया। उन्होंने ब्रिटिश राज के अन्यायपूर्ण और दमनकारी शासन के प्रति अपने विरोध के समर्थन में भाषण दिए और लेख प्रकाशित किए। 1867 में उन्होंने ईस्ट इण्डिया एसोसिएशन की स्थापना में सहायता की जिसके वे मानद सचिव बने।*

**कूट :**

*(a)* फिरोजशाह मेहता

*(b)* मैरी कारपेंटर

*(c)* दादाभाई नौरोजी

*(d)* आनन्दमोहन बोस

**104.** Which two of the following plays did Kalidasa write before writing *Abhigyanashakuntalam*?

1. *Vikramorvashiyam*
2. *Malavikagnimitram*
3. *Swapnavasavadattam*
4. *Kadambari*

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1 and 3

*(c)* 1 and 4

*(d)* 3 and 4

**105.** "Use of white marble, long legs and slender frames, human beings as central characters and prominence of kings, princess and palaces" were the characteristic features of which one of the following ancient art forms of India?

*(a)* Amaravati School of Art

*(b)* Gandhara School of Art

*(c)* Mathura School of Art

*(d)* Pahari School of Art

**106.** Who drafted the Constitution of Muslim League, 'The Green Book'?

*(a)* Rahamat Ali

*(b)* Muhammad Iqbal

*(c)* Muhammad Ali Jinnah

*(d)* Maulana Muhammad Ali Jauhar

**107.** 26th October, 1947 is an important date in the Indian history, because of

*(a)* Maharaja Hari Singh's signing of Instrument of Accession

*(b)* ceasefire with Pakistan

*(c)* merger of Sind

*(d)* declaration of war over India by Pakistan

**108.** The Nehru-Liaquat Pact between India and Pakistan was signed in 1950 to resolve the issue of

*(a)* the protection of minorities

*(b)* the accession of Princely States

*(c)* the border disputes

*(d)* the problem of refugees

**104.** *अभिज्ञानशाकुन्तलम्* लिखने से पहले कालिदास ने निम्नलिखित में से कौन-से दो नाटक लिखे थे?

1. *विक्रमोर्वशीयम्*
2. *मालविकाग्निमित्रम्*
3. *स्वप्नवासवदत्तम्*
4. *कादम्बरी*

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* 1 और 3

*(c)* 1 और 4

*(d)* 3 और 4

**105.** ''सफेद संगमरमर का प्रयोग, लम्बी टाँगें और इकहरे बदन, केन्द्रीय चरित्र के रूप में मनुष्य और राजाओं, राजकुमारियों और राजमहलों को प्रमुखता'' भारत के निम्नलिखित प्राचीन कला-रूपों में से किस एक की लाक्षणिक विशेषताएँ थीं?

*(a)* अमरावती कला शाखा

*(b)* गान्धार कला शाखा

*(c)* मथुरा कला शाखा

*(d)* पहाड़ी कला शाखा

**106.** मुस्लिम लीग के संविधान, 'द ग्रीन बुक', का प्रारूप किसने बनाया?

*(a)* रहमत अली

*(b)* मुहम्मद इकबाल

*(c)* मुहम्मद अली जिन्ना

*(d)* मौलाना मुहम्मद अली जौहर

**107.** किस कारण 26 अक्तूबर, 1947 भारतीय इतिहास की एक प्रमुख तिथि है?

*(a)* महाराजा हरि सिंह द्वारा अधिमिलन-पत्र पर हस्ताक्षर किया जाना

*(b)* पाकिस्तान के साथ युद्ध-विराम

*(c)* सिन्ध का विलयन

*(d)* पाकिस्तान द्वारा भारत पर युद्ध की घोषणा

**108.** भारत और पाकिस्तान के बीच 1950 में नेहरू-लियाकत पैक्ट पर हस्ताक्षर निम्नलिखित में से किस मुद्दे के समाधान के लिए किए गए?

*(a)* अल्पसंख्यकों का संरक्षण

*(b)* देशी रियासतों का अधिमिलन

*(c)* सीमा-विवाद

*(d)* शरणार्थियों की समस्या

**109.** Consider the following statements relating to the famous Muzaffarpur murders (1908) :

1. The bomb, which was hurled at the carriage of Mrs. Pringle and her daughter, was actually intended for Mr. Kingsford, the District Judge of Muzaffarpur.
2. The revolutionaries wanted to kill Mr. Kingsford, because he had inflicted severe punishments on Swadeshi activists.
3. Khudiram and Prafulla Chaki had to pay the penalty for their action by death.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**110.** The 'Dual Government' recommended by Lord Clive provided that the

*(a)* criminal justice would be left to the Nawabi officials, while civil and fiscal matters would be controlled by the Company

*(b)* Company will look after fiscal matters and all the rest would be dealt by the Indian rulers

*(c)* Indian rulers will deal with all the matters of administration under the supervision of a Company official

*(d)* Indian rulers will be only titular heads and all the powers shall be directly dealt by the Company

**111.** After the death of Raja Rammohan Roy, the Brahmo Samaj split into two sections; the Brahmo Samaj of India and the Adi Brahmo Samaj. Who were the leaders of the two sections respectively?

*(a)* Keshab Chandra Sen and Debendranath Tagore

*(b)* Radhakanta Deb and Debendranath Tagore

*(c)* Keshab Chandra Sen and Radhakanta Deb

*(d)* Debendranath Tagore and Radhakanta Deb

**112.** Consider the following statements :

UNESCO's World Heritage mission is to

1. take over the management, maintenance and preservation of World Heritage sites.
2. encourage State parties to the Convention concerning the Protection of the World Cultural and Natural Heritage to nominate sites within their national territory for inclusion on the World Heritage List.
3. provide emergency assistance for World Heritage sites in immediate danger.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 2 and 3 only

**109.** विख्यात मुजफ्फरपुर हत्याओं (1908) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वह बम, जो श्रीमती प्रिंगल और उनकी पुत्री की गाड़ी पर फेंका गया था, वस्तुतः मुजफ्फरपुर के जिला-जज श्रीमान किंग्सफोर्ड के लिए अभिप्रेत था।
2. क्रान्तिकारी श्रीमान किंग्सफोर्ड को मारना चाहते थे क्योंकि उन्होंने स्वदेशी सक्रियतावादियों को कठोर दण्ड दिए थे।
3. खुदीराम और प्रफुल्ल चाकी को अपने कार्य के लिए दण्ड, मृत्यु के रूप में भुगतना पड़ा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**110.** लॉर्ड क्लाइव द्वारा संस्तुत 'द्वैध सरकार' में क्या उपबन्धित था?

*(a)* दण्ड-न्याय नवाबी अधिकारियों के लिए छोड़ दिया जाएगा, जबकि नागरिक और राजकोषीय मामले कम्पनी के नियंत्रण में रहेंगे

*(b)* कम्पनी राजकोषीय मामलों को देखेगी और शेष सभी मामले भारतीय शासकों द्वारा निपटाए जाएँगे

*(c)* कम्पनी के एक अधिकारी के पर्यवेक्षण के अधीन, प्रशासन के सभी मामले भारतीय शासकों द्वारा निपटाए जाएँगे

*(d)* भारतीय शासक नाममात्र के मुखिया होंगे और सभी शक्तियाँ कम्पनी के प्रत्यक्ष व्यवहार में होंगी

**111.** राजा राममोहन राय की मृत्यु के पश्चात् ब्रह्म समाज दो अनुभागों में विभक्त हो गया; भारत का ब्रह्म समाज और आदि ब्रह्म समाज। इन दोनों अनुभागों के नेता क्रमशः कौन थे?

*(a)* केशब चन्द्र सेन और देबेन्द्रनाथ टैगोर

*(b)* राधाकान्त देब और देबेन्द्रनाथ टैगोर

*(c)* केशब चन्द्र सेन और राधाकान्त देब

*(d)* देबेन्द्रनाथ टैगोर और राधाकान्त देब

**112.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

UNESCO का विश्व विरासत मिशन

1. विश्व विरासत स्थलों के प्रबन्धन, अनुरक्षण तथा संरक्षण का भार लेने के लिए है।
2. विश्व सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत के संरक्षण से सरोकार रखने वाले कन्वेंशन के राज्य पक्षकारों को, अपने राष्ट्रीय राज्यक्षेत्र के अन्दर स्थलों को विश्व विरासत सूची में नामांकित करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए है।
3. आसन्न संकटापन्न विश्व विरासत स्थलों के लिए आपात सहायता प्रदान करने के लिए है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* केवल 2 और 3

**113.** Which one of the following statements regarding Harappan civilization is correct?

*(a)* The standard Harappan seals were made of clay

*(b)* The inhabitants of Harappa had neither knowledge of copper nor bronze

*(c)* The Harappan civilization was rural-based

*(d)* The inhabitants of Harappa grew and used cotton

**114.** Under which of the following conditions can citizenship be provided in India?

1. One should be born in India.
2. Either of whose parents was born in India.
3. Who has been ordinary resident of India for not less than five years.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* Either 1 or 2 or 3

**115.** Consider the following statements :

1. The current global economic crisis owes its genesis to the subprime crisis in the United States.
2. The Indian economy is showing a faster recovery from the economic crisis than its western counterparts.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**116.** Which one of the following inscriptions mentions Pulakesin II's military success against Harshavardhana?

*(a)* Allahabad Pillar Inscription

*(b)* Aihole Inscription

*(c)* Damodarpur Copperplate Inscription

*(d)* Bilsad Inscription

**113.** हड़प्पा सभ्यता के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* मानक हड़प्पा मुद्राएँ मिट्टी की बनी थीं

*(b)* हड़प्पा के निवासी न तो कांस्य के विषय में जानते थे और न ही ताम्र के

*(c)* हड़प्पा सभ्यता ग्राम-आधारित थी

*(d)* हड़प्पा के निवासी कपास उगाते थे और प्रयोग में लाते थे

**114.** निम्नलिखित दशाओं में से किनके अधीन भारत में किसी को नागरिकता प्रदान की जा सकती है?

1. उसका जन्म भारत में हुआ होना चाहिए।
2. जिसके माता-पिता, दोनों में से कोई एक, भारत में जन्मा था।
3. जो कम-से-कम पाँच वर्ष तक भारत का साधारण नागरिक रहा हो।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* या तो 1, या 2 या 3

**115.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वर्तमान वैश्विक आर्थिक संकट की उत्पत्ति संयुक्त राज्य के अव-प्रमुख (सब-प्राइम) संकट से हुई।
2. भारतीय अर्थव्यवस्था इस आर्थिक संकट से अपने पाश्चात्य समकक्षों की तुलना में अधिक तेजी से उबरती दिख रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**116.** निम्नलिखित उत्कीर्ण लेखों में से कौन-सा एक हर्षवर्धन के विरुद्ध पुलकेशिन द्वितीय की सैन्य सफलता का उल्लेख करता है?

*(a)* इलाहाबाद स्तम्भ उत्कीर्ण लेख

*(b)* ऐहोल उत्कीर्ण लेख

*(c)* दामोदरपुर ताम्र-पट्टिका उत्कीर्ण लेख

*(d)* बिल्सड उत्कीर्ण लेख

**117.** The Constitution (74th) Amendment Act mentions of the

*(a)* composition of the National Development Council

*(b)* structure of the Planning Commission of India

*(c)* functions of the State Finance Commission

*(d)* functions of the Kaveri Water Authority

**118.** Which one of the following International Human Rights Instruments has been signed by India but ***not*** yet ratified?

*(a)* Convention on the rights of the child

*(b)* Convention on the elimination of all forms of discrimination against women

*(c)* Convention on the political rights of women

*(d)* Convention on the nationality of married women

**119.** Consider the following statements :

1. The gross revenue from the telecom sector in India accounts for 3% of the GDP (2009).
2. Centre for Development of Telematics is better known as C-DOT.
3. The switch from digital technology to the analog system revolutionized telephony in India.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 2

*(d)* 2 and 3

**120.** Consider the following statements about Concordat :

1. It is an agreement between the Roman Catholic Church and the State.
2. The President of Brazil did not sign a Concordat during the Pope Benedict XVI's visit to Brazil in 2007.
3. Concordat of 2009 was signed between the Holy See and Portugal.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 only

*(d)* 1 and 3 only

**117.** संविधान (74वाँ) संशोधन अधिनियम किसका उल्लेख करता है?

(a) राष्ट्रीय विकास परिषद् का संघटन

(b) भारत के योजना आयोग की संरचना

(c) राज्य वित्त आयोग के कार्य

(d) कावेरी जल प्राधिकरण के कार्य

**118.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार प्रपत्र भारत द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है किन्तु अभी तक अनुसमर्थित **नहीं** है?

(a) शिशु के अधिकारों पर कन्वेंशन

(b) स्त्री के विरुद्ध सभी प्रकारों के भेदभाव के निरसन पर कन्वेंशन

(c) स्त्री के राजनीतिक अधिकारों पर कन्वेंशन

(d) विवाहित स्त्री की राष्ट्रीयता पर कन्वेंशन

**119.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में टेलीकॉम सेक्टर से मिलने वाला सकल राजस्व, GDP (2009) का 3% है।
2. सेन्टर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ टेलीमैटिक्स को C-DOT के रूप में अधिक जाना जाता है।
3. अंकीय प्रौद्योगिकी से अनुरूप प्रणाली में बदलाव से भारत में टेलीफोन-संचार में क्रान्ति आ गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2

(d) 2 और 3

**120.** धर्मसन्धि (कॉन्कॉर्डैट) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह रोमन कैथोलिक चर्च और राज्य के बीच अनुबन्ध है।
2. पोप बेनेडिक्ट XVI की 2007 की ब्राज़ील यात्रा के दौरान ब्राज़ील के राष्ट्रपति ने किसी धर्मसन्धि पर हस्ताक्षर नहीं किए।
3. 2009 की धर्मसन्धि होली सी और पुर्तगाल के बीच हस्ताक्षरित हुई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2

(d) केवल 1 और 3

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**SPACE FOR ROUGH WORK**

★★★

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : T–DETA–K–HL**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या**

80745

# परीक्षण पुस्तिका

**A**

## सामान्य ज्ञान

**समय : दो घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न लिखें।**
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.